समाचार

# उद्योग मंत्री के निर्देश का त्वरित पालन, अशोक वाटिका में निःशुल्क रहेगा मार्निंग वाक योगा केन्द्र




कोरबा 19 अगस्त 2025 –उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के द्वारा आमजन के हित में दिए गए निर्देश का त्वरित पालन करते हुए कोरबा जिला अरबन पब्लिक सोसायटी के द्वारा अशोक वाटिका में निःशुल्क मार्निंग वाक एवं योगा केन्द्र की सुविधा बहाल कर दी गई है, अब आमजन प्रातः 05 बजे से 09 बजे तक अशोक वाटिका में इस निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

यहॉ उल्लेखनीय है कि कोरबा का सबसे बड़ा उद्यान अशोक वाटिका में प्रतिदिन लगभग 500 से ज्यादा नागरिक मार्निंग वाक योगा व स्वास्थ्य लाभ के लिए पहुंचते हैं, उक्त अशोक वाटिका संचालन संधारण कोरबा जिला अरबन पब्लिक सोसायटी के द्वारा कराया जा रहा है, संचालन संधारण के मद्देनजर सोसायटी द्वारा पूर्व में प्रवेश शुल्क का निर्धारण कराया गया था। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आमजन के हित को देखते हुए अशोक वाटिका में मार्निंग वाक करने वालों व योगा प्राणायाम एवं स्वास्थ्य लाभ संबंधी करने वाले आमनागरिकों के लिए अशोक वाटिका में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, सोसायटी द्वारा निर्देशों का त्वरित

पालन करते हुए अब प्रातः 05 बजे से 09 बजे तक मार्निंग वाक योगा प्राणायाम की निःशुल्क सुविधा बहाल कर दी गई है।